है। यह बिल यहां भी आया है और यू0पी0 में भी गया है उसके बाद पार्लियामैंट के दोनों हाउस इसको पास करेंगे और उसके बाद प्रेजीडेंट की मंजूरी आनी है फिर उसके बाद तारीख मुकर्रर होगी कि फलां तारीख से यह एक्ट लागू होगा। जब तक यह ऐक्ट लागू नहीं होता उस वक्त तक जो जमीन दरिया के इस तरफ है उसके मालिक हरियाणा के लोग हैं। जिनकी जमीन आज से 10 साल पहले, 15 साल पहले या 50 साल पहले परली तरफ चली गई थी और अब वह वापिस इधर आई हुई है चाहे वह 75 में ही आई हो फिर भी उसके मालिक इधर के लोग हैं। लेकिन सरकार ने उन लोगों का दिल दु:खी किया। 18 अक्तूबर को गवर्नमैंट आफ इंडिया से एक डिप्टी सैक्रेटरी आया, मेरठ जिले का डी0सी0 औरा हमारे सोनीपत जिले का डी0सी0 तथा राजस्व मंत्री भी आए इन्हौंने फैसला किया कि सन 1975 के बाद यू0पी0 कीद जो जमीन इधर आई है उस पर यू0पी0 के लोगौं को कब्जा करवा दो। ऐक्ट तो पास नहीं हुआ लेकिन इन्होंने यह फैसला पहले ही कर दिया कि यू0पी0 के लोगौं को यह जमीन दे दी जाए। आज दरिया के परली तरफ यू0पी0 की आर्मड पुलिस तथा दूसरी पुलिस थानेदार और सिपाही बैठे हैं। वे न घरों से लडकियों को बाहर निकलने देते हैं और न किसी को खेतों में जाने देते हैं। वे लोगों की रोज मारपीट करते है। इन हालात को देख कर लोगों ने दावे दीवानी किये और सीनियर सब जज सोनीपत ने यह कह कि इस तरह से जबरदस्ती कब्जा न किया जाए ऐसा उनहोंने आर्डर दिया। लेकिन उस आर्डर को सरकार ने देखा तक नहीं और अब एक

महीने से हरियाणा की पुलिस भी वहां तैनात कर दी गई है। इधर हरियाणा की पुलिस पडी है और उधर यू0पी0 की पुलिस पडी है। जमीन तो उन लोगों की है जिनकी बरामद हुई है चाहे सन 75 से ही हुई है लेकिन है तो उन लोगों के कब्जे में। फिर भी इस सरकार की दरियादिली देखो कि इसने यू0पी0 की पुलिस बुला कर अपने इलाके में डाल दी। कभी भी ऐसा नहीं सुना कि दूसरे प्रानत की पुलिस दूसरे इलाके में आकर लोगों की बहु बेटियों की बेइज्जती करे। इसके अलावा अपनी पुलिस को भी वहां तैनात कर दिया कि किसी आदमी को खेतों में न जाने दो। लोनें ने अपनी फसलों को तैयार किया हुआ है लेकिन यह पुलिस उनको आगे घुसने नहीं देती तो यह हालत आपके सामने है। स्पीकर साहब, न मालूम कब जोकर इसकी मलकियत ट्रांसफर हो लेकिन सरकार ने उससे पहले ही जबरदस्ती लोगों से कब्जे छुडवाने के लिये अपनी सारी ताकत लगा दी है ताकि यू0पी0 सरकार को या यू0पी0 के लोगों को ये कब्जे दिलवाए जाएं। मैं आज भी दावे के साथ कह सकता हूं और हाउस के माननीय सदस्य वहां जाकर यह देख सकते हैं कि यू0पी0 पुलिस के वहां कैम्पस लगे हुए हैं और राइफलों और बन्दूकों से लोगों को परे ाान किया जा रहा है और जबरदस्ती दूसरे लोगों का कब्जा करवाना चाहते हैं मैं समझता हूं कि यह तो पुलिस राज बन गया है। अग्र आप दे ा में कानून की दुहाई देते हैं तो यह बिल लाने की क्या जरूरत थी। अन्त में एक बात और कह कर मैं अपना स्थान लूंगा। कानून के मुताबिक जो जमीन सन 1975 में बरामद हुई उसके मालिक इस

तरफ के लोगं हैं, इसमें कोई सन्देह वाली बात नहीं है लेकिन इस जमीन ाके अप दूसरे लोगां को ट्रांसफर करना चाहते हैं। अगर बिल के मुताबिक आप यू0पी0 को इस जमीन की मलकियत देना चाहते हैं तो क्या आप बगैर मुआवजे के इस तरह से दे सकते हैं ? यह आपकी सरकार की जमीन नहीं हैं कि जैसे चाहा कर दिया। यह तो लोगों की अपनी पुरानी मलकियत है। आप इसको मानून के जरिये लेकर यू0पी0 की सरकार को देना चाहते हैं। क्या आप बगैर मुआवजे के वह जमीन उसको देना चाहते हैं, क्या यही आप लोगों का समाजवाद है जिसमें गरीब आदमियों की जमीनें छीनी जा रही हैं। ? जो लोग कानून से इतने वाकिफकार नहीं हैं, जिन लोगों में सरकार से लडने की भाक्ति नहीं है, उन लोगों की जमीनैं आप छीनना चाहते हैं क्या आपका विधान यही कहता है ? स्पीकर साहब, आप सुनकर हैरा होंगे कि इन देहातों में एक एक बिसवेदार की जमीन 40 चसाल पहले रली तरफ चली गई और अब दो तीन साल पहले वह बरामद हुई तो अब अगर वे अपनी जमीन के मालिक बन गए हैं तो इनको क्या एतराज है। पहले जो सौ सौ बीघे के बिसवेदार थे आज उनमें किसी के पास दो बीघे जमीन है तो किसी के पास पांच बीघे हैं। इसी तरह से हेंड़ा और बसन्तपुर गांव हैं। इन गांवों की जमीन अगर निकाली जाए तो मु कल से तीन चार सौ बीघे रकबा रह जाता है। यह हालत है और सरकार फिर उनके कब्जे की जमीन को पुलिस की इमदाद से जबरदस्ती छिनवाना चाहती है और हैरानी की बात है कि मंत्री महोदय खुद

सोनीपत के रैस्ट हाउस में बैठकर इस पर मोहर लगाते हैं कि यू0पी0 की पुलिस आ जाए और यहां बैठ जाए।

(राजस्व मंत्री पंडित चिरंली लाल भार्मा): ऐबसोल्यूटली रौंगं

चौधरी रिजक राम: अगर रौंग है कि आप उस दिन सोनीपत में नहीं थे जब यह फैसला हुआ तो भी सजा हो मैं मानूंगा। आज भी आपकी पुलिस वहां पडी हुई है। आज भी यू0पी0 की पुलिस आपके इलाके में बैठी है। वे हमारी बहू बेटियों को बाहर नहीं निकलने देती। उस पुलिस को आप विदड्रा करेंगे और जब तक यह कानून पास न हो तब तक कोई इलाका उनको जबदरस्ती ट्रांसफर नहीं करेंगे यह बचन आप दे दें। स्पीकर साहब, बडी हैरानी की बात है कि गवर्नमैंट आफ इंडिया के एक डिप्अी सैक्रेटरी का हुक्म इन्हें खुदा का हुक्म हो गया। हमारी सारी सरकार वहां कांपती थी कि कहीं गवर्नमैंट आफ इंडिया में यह न कह दे कि हरियाणा की सरकार टालमटोल करती है। उन्होंने कहा कि पुलिस बैठा दो और कब्जा दे दो, इन्होंने ऐसा कर दिया। आज भी अगर यह कह दें कि कानून के मुताबिक जब तक मलकियत तबदील न हो जाए तब तक हम कोई कार्यवाही नहीं करेंगे तब हम मान जाएंगे। (विघ्न) इन भाब्दों के साथ स्पीकर साहब, मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

राजस्व मंत्री (पंडित चिरंजी लाल भार्मा): स्पीकर साहब, अपोजी ान से माननीय सदस्य चौधरी रिजक राम जी ने इस रैफरैंस पर बोलते हुए बडे तनजन तरीके से हरियाणा सरकार की दरियादिली की बात की और ऐसा जाहिर किया जैसा कि हरियाणा सरकार को हरियाणा की जनता से जो जमुना से इधर बसती है कोई प्यार नहीं है, कोई लगाव नहीं है। वह यू0पी0 के जेरे अहसान है और हमने काफी इलाका दान दे दिया इस तरह के कंप्लीमैंटस आनरेबल मैम्बर ने पे ा किए। ये खुद मंत्रिमंडल में रहे हैं। स्पीकर साहब, अर्ज यह है कि हमारे पांच जिले यू0पी0 से मिलते हैं इधर से अम्बाला और कुरूक्षेत्र, फिर करनाल और सोनीपत, उसके बाद गुड़गावं गुड़गांव एक तरफ से मथुरा से मिलता है और दूरी तरफ बुलन्द ाहर और अलीगढ वगैरा से मिलता है। इन पांचों जिलों में जहां तक अम्बाला और कुरूक्षेत्र का ताल्लुक है, इनकी बाउंडरीज आलरेंडी फिक्सड हैं, पर्मानैन्टली फिक्सड हैं और कोई डिसप्यूट नहीं था। इसी तरह से गुड़गांव में मथुरा की तरफ कोई डिसप्यूट नहीं है क्योंकि बाऊंडरी आलरेडी फिक्सड थी लेकिन सोनीपत और करनाल में और इसकी दूसरी तरफ मुज्फरनगर और मेरठ का जो इलाका है, यहा डिसप्यूट था। यहां एल्यूबियन और डिसएल्यूबियन का डिसप्यूट बहुत पहले से चला आया है। इसी तरह गुड़गांव में डिसप्यूट था। ये डिसप्यूटस आज के नहीं हैं बल्कि सन 33–34 से चले आए हैं। सन 43 में हमारे गुड़गांव के कुलैक्टर अख्तर हुसैन थे और बुलन्द ाहर के कुलैक्टर मिस्टर हार्डी थे। दोनों सरकारों ने

पंजाब और यू0पी0 दोनों कुलैक्टर्ज की एक कमेटी कांस्टिच्यूट की। उन्होंने एक रिपोर्ट सबमिट की थी मगर वह रिपोर्ट रैटिफाई नहीं हुई या उसके ऊपर ऐक्ट अपौन नहीं हुआ। वे झगड़े अब तक चलते आए हैं। जहां तक बैरा बाकीपुर और बसन्तपुर आदि गांव का संबंध है, जो कि इनके हल्के के हैं, इनके बारे में चौधरी रिजक राम जी ने कहा कि बुर्दी और बरामदगी की मिसलें तैयार नहीं हुई। अगर तैयार होती तो ये इलाके यू0पी को नहीं जाते। इसके बारे में मैं अर्ज करना चाहता हूं कि बुर्दी और बरामदगी की मिसलें तैयार हुई हैं और होती रही हैं। इसके ब ारे में उनकी जो ि ाकायत है वह ठीक नहीं है। (विघ्न)72 के बाद तैयार हुई या नहीं हुई, 74 के बाद हुई या नहीं, 75 में हुई या नहीं हुई, इसके बारे में मैं अर्ज करूं कि जो गवर्नमैंट की इंस्ट्रक ांज हैं, जो रूल्ज हैं उनके मुताबिक बाकायदा बुर्दी और बरामदगी की मिसलें तैयार हुई हैं। मैं खुद वकील रहा हूं और मैंने इस बारे में इनके गांव वालों के कई केस लडे हैं। यह ठीक है कि वहां जमीन बुर्द और बरामद होती रही है क्योंकि जमुना वहां अपना कोर्स बदलती रहती है। फिर उनहोंने कहा कि कोई जमीन 1862 में बुर्द हुई और अब पिछले दिनों 5,6 साल पहले बरामद हुई। यह बात हो सकती है क्योंकि जमुना के कोर्स बदलने से जैसा मैंने पहले कहा इस तरह के डिसप्यूटस चलते रहते थे। गुडगांव जिले में यह डिसप्यूटस इस हद तक पहुंचे हुए थे कि हमे ाा झगडे चलते रहते थे। यू0पी0 वाले हमारी तरफ आकर भारारत करते थे और हमें मुर्वे इल्जाम ठहराते थे। बार बार दोनों की पुलिस में एक

तरह का झगडा होता था। दोनों सिस्टर स्टेटस हैं और बाउंडरी फिक्स करने का सवाल है। यह राईट आफ ओनरि ाप ट्रांसफर करने का सवाल नहीं है। मेरे फाजिल दोस्त भाायद इस बिल को गलत समझे हैं। अब कौन सा रकबा किधर हो सवाल यह है। आखिर we are branches of the same tree. यह ठीक है कि सिस्टर स्टेटस में जैसे कि यू0पी0, पंजाब और हरियाणा है, कई बार झगड़े हो जाया करते हैं लेकिन इनका फैसला भी तो होना ही चाहिए। जब यह सिलसिला चलता रहा तो हमारी सरकार ने और यू0पी0 सरकार ने निर्णय लिया कि बजाये इसके कि रोजाना आपस में जमींदार लडें, सरकार कर्मचारी लडैं, आर्बिट्रें ान से इसका फैसला कर लिया जाए और हमने और यू0पी0 के चीफ मिनिस्टर ने मिलर कर ऐग्री अपौन करके उस वक्त के होम मिनिस्टर श्री उमा ांकर दीक्षित को उनकी पर्सनल कैपेसिटी में आर्बिट्रेटर मंजूर कर लिया और ये सारे झगडें उनके सुपेर्द कर दिए। मिस्टर के0वी0 सुन्द्रम, जो हमारे चीफ इलैक ान कमि नर रहे हैं, बहुत ईमानदार और काबिल अफसर हिन्दुस्तान के रहे हैं और उन पर किस किस्म के पक्षपात का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने भी इन इलाकों का मौका देखा हे। हमारी सरकार की तरफ से भी अपना केस पे ा करने में कोई कमी नहीं रखी गई है। मैं समझता हूं कि हमारे अफसरान ने और हमारे चीफ सैक्रेटरी ने इस केस मकें अपनी ऐफि ाऐंसी का सही सबूत दिया है।

1600 बजे।

1960 तक रिकार्ड के आधर पर हमने अपनी मांग को पे ा किया जिससे वह झगडा खत्म हुआ। मैं अर्ज कर रहा था कि अख्तर हुसैन और हार्डी की एक कमेटी मुकर्रर की गई थी। उसमें 3784 एकड रकबा को हम कहते थे कि यह हमें मिलना चाहिए, इस पर हमारा क्लेम है। मिस्टर हार्डी कहते थे कि दो सौ या अढाई सौ एकड रकबा यू0पी0 को मिलना चाहिए। उनकी रिपोर्ट सबमिट हो चुकी थी लेकिन रेटीफायी नहीं हुई थी। दो सौ या अढाई सौ एकड रकबा यू0पी0 को मिलना चाएि। उनकी रिपोर्ट सबमिट हो चुकी थी लेकिन रेटीफायी नहीं हुई थी। दो सौ या अढाई सौ एकड लैंड का झगडा था। उस डिसप्युट का भी निर्णय लिया गया। अब गुडगांव जिले का जो नार्दर्न और सदरन जोन है, जहां बसतपुर गांव है उसका नक ा देखने से पता चलता है कि यू0पी0 गवर्नमैंट यह कहती थी कि यहा जो 20 हजार एकड का रकबा है जहर नाले तक यह हमारा है। वे जहर नाले को ही बाउन्डरी मानते थे लेकिन हम कहते थे कि जमना का मेन कोर्स जो है वह दरिया है। सुन्दरम साहब खुद दो तीन बार वहां मौके पर ग्रये और वहां पर अफसरान की मीटिंग हुई मैं उन मीटिंग्ज की तारीख भी बता सकता हूँ। 11–12 जून को, 15 जुलाई को, 13 अगस्त को और 8–9 और 10 सितम्बर को मीटिंग्ज हुई। सुन्दरम साहब खुद 12 जून और 2–3 सितम्बर को मौके पर गये। इस तरह से यह सारा केस डिटेल में आन दी बेसिज आफ रेविन्यू

रिकार्ड लडा गया। हमारे रेविन्यू अफसरों ने, चीफ सैक्रेटरी और गुड़गांव जिले के कुलैक्टर ने रिकार्ड को तला ा करके कमेटी के सामने पे ा किया। मैं समझता हूं कि हरियाणा प्रदे ा को जरूरत से ज्यादा फायदा हुआ है। 20 हजार एकड का रकबा मिला है क्योंकि यू0पी0 वाले तो जैहर नाले तक ही बाउन्डरी मानते थे। 13—14 गांव हैं जिनकी जमीन 20 हजार एकड के करीब बनती है। दीक्षित एवार्ड से यह सारा रकबा मिला है। यह परमानैन्ट तौर पर हमें मिला है। अब यह जहर नाला बाउंडरी नहीं है जो मेन स्ट्रीम जमना का है जिसके बारे में हम मुकद्दमें लडते रहे हैं, कतल भी हुए हैं, सिर पिटाई होती रही है वह बाउन्डरी है। अब दोनों तरफ से आराक ाी भी खत्म हुई। प्यार और मोहब्बत की मुरली बज गई है, ऐसा करने से हरियाणा को क्या नुक्सान हुआ है ? मेरे फाजिल दोस्त ने मुझे भी कमप्लीमैंटा पे कर दी कि रेविन्यू मिनिस्टर साहब सोनीपत में थे, मैंने उनको बुलाकर कह दयिा था कि ऐसा करो। इसमें कोई सदाकत नही ंहै। मेरे फाजिल दोस्त का टेलीफोन आया था, मैंने उनकी बात सुनी। मेरे पास भी डेरा बासीपुर और मदनपुर के कुछ जमींदार आयें कि यह रकबा हमें बरामद हुआ है, हम इसको का त करना चाहते हैं। मैंने चीफ सैक्रेटरी साहब को टेलीफोन किया कि किसी प्रकार की क ाीदगी नहीं होनी चाहिए क्योंकि इस पर दीक्षित एवार्ड हो चुका है। मार्च 1975 में दीक्षित एवार्ड हुआ था। केवल उसकी इम्पलीमैंटे ान में ढील हो रही है। हमने भी उसको इन प्रिंसिपल मान लिया है और यू0पी0 वाले कुछ खतो खिताबत कर रहे हैं, भाायद उन्होंने रिप्रैजन्टे ान

भी किया था लेकिन इस सब खतो खिताबत के बाद उन्होंने भी इन प्रिंसीपल इस एवार्ड को मान लिया। अब तो केवल इम्पलीमैंट होना है। यह इम्पलीमैंट भी बाई ऐक्ट आफ पार्लियामैंट होना है क्योंकि परमानैंट बाउन्डरी का सवाल है। इसकी इम्पलीमैंटे ान हमारे अपने हाथ में नहीं थी बाई ऐक्ट आफ पार्लियामैंट होनी थी। दोनों स्टेटस को भी रैफरैंस जानी थी तो इसलिए इसमें डिले हुई तो चीफ सैक्रेटरी साहब ने चौधरी राम नारायण, कुलैक्अर सौनीपत और यू0पी0 के कुलैक्टर को राउन्ड दी टेबल बात करने का कोई वाया मीडिया निकालने के लिए कहा लेकिन यहां पर चौधरी रिजक राम ने कह दिया कि हरियाणा ने या रेविन्यू मिनिस्टर साहब ने प्लेट पर रख कर जमीन दे दी यह बिल्कुल गलत बात है। यह सरासर हिकायत के खिलाफ है। मैं बडे अदब के साथ कहना चाहता हूं कि वाकायात को तोड मरोड कर पे ा किया गया है। मैं उनका जाति तौर पर विरोधी नहीं लेकिन जिस तरीके से अपोजी ान के लीडर की हैसीयत से उनहोंने अपने फरायज को अदा करने की कोि ा ा की है, यह ठीक नहीं है मैं उनको खराज तहसीन अदा करता हूं। खूबसूरती तो इस बात में है कि फैक्टस को खुद ही मान लिया जाये। मैं अपने फाजिल दोस्त की गलतफहमी को दूर करना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा की जनता के हक की हिफाजत करने के लिए और अपने पक्ष को पे ा करने के लिए बेहतरीन खिदमात अन्जाम दी हैं। काबिल से काबिल वकीलों की मदद ली है। हमारे जो फाइनैं ाल कमि ानर हैं वे भी बडे काबिल हैं। उनको मैं सारे

हाउस की तरफ से कम्पलीमैंटस पे ा करना चाहता हूं। यह सब उनकी मेहनत का नतीजा है। हमें अपने चीफ सैक्रेटरी और फाइनैं ाल कमि ानर पर गौरव है। यू0पी0 वाले जैहर नाले को ही जमुना की बाउन्उरी मान रहे थे लेकिन हमने उसको नहीं माना और उसके कारण ही हमें 13–14 गांव परमानेन्ट तौर पर मिले हैं। बीस हजार एकड जमीन है यानी एक लाख बीघे जमीन है .... (विघ्न).

चौधरी रिजक रामः बुरे बाकी गांव के बारे में क्या पोजी ान है ?

पंडित चिरंजी लाल भार्माः बुरे बाकी गांव से मेरी भी हमदर्दी है। वे मेरे भी कलाइन्ट रहे हैं। यह गांव चौधरी साहब के अपने इलाके में है।

चौधर रिजक रामः फिर वहां पर पुलिस क्यों बैठा रखी है ?

पंडित चिरंजी लाल भार्माः पुलिस को जाकर तो आप कहते हो कि सख्ती करो। मुकदमें बनाओं तो फिर वे सोनीपत में आयेंगे (हंसी) चौधरी साहब हमें तो हमे ाा इस चीज को फिक्र रहा है कि हमारे आदमी न मारे जायें। जहां तक ला एण्ड आर्डर का सवाल है responsibility devolves on the shoulders of the Governmnet to see that award has to be implemented. यह जो निर्णय लिया गया है यह आर्बीट्रेटर का एवार्ड है It has to be

acted upon and if it is delayed by a few months इसका मतलब यह नहीं है कि उस डिले को लेकर हमर सिर पटाई करैं। मैंने अपने फाजिल दोस्त की स्पीच को बडे गौर से सुना है। मैं बडे अदब से सारे हाउस को कहना चाहता हूं और यकीन दिलाना चाहता हूं कि दीक्षित एवार्ड से हरियाणा को जरूरत से ज्यादा फायदा हुआ है। हमें जरूरत से ज्यादा चीज मिली है। ये झगडे हमे ाा के लिए खत्म हो गय। हमारी एक जरूरत से ज्यादा यूं मिली है कि हमे ाा हमे ाा के लिए झगेडे खत्म हो गए। हमारी एक इंच भी जगह नहीं गई है।

चौधरी रिजक रामः फिर इसको छोड दो।

पंडित चिरंजी लाल भार्माः छोडने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। हमने तो फैसले में पायी है।

श्री अध्यक्षः बात यह है कि चौधरी रिजक राम और पंडित चिरंजी लाल जी का फैसला तो सोनीपत में ही होगा।

पंडित चिरंजी लाल भार्माः मैं तो यहीं रणभूमि समझता हूं। यहीं पर फैसला कर लेंगे। इस रैजोल्यू ान को मंजूर कर लेना चाहिए ताकि पार्लियामैंट में जल्दी से जल्दी पास हो सके।

Mr. Speaker: Question is-

That the Haryana and Uttar Pradesh (Alteration of Boundaries) Bill, 1976, referred by the President of India for expression of views thereon, be taken into conisideration.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause. As there are no amendments, I am putting all the clauses together.

Clauses 2 to 36

Mr. Speaker: Question is-

That Clauses 2 to 36 be agreed upon.

The motion was carried.

The Schedule

Mr. Speaker: Question is-

That the Schedule be agreed upon.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is-

That clause 1 be agreed upon.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be agreed upon.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is-

That the Title of the Bill be agreed upon.

The motion was carried.

Revenue Minister (Pandit Chiranji Lal Sharma): Sir, I beg to move-

That the Haryana and Uttar Pradesh (Alteration of Boundaries) Bill, 1976, agrees with the same.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana and Uttar Pradesh (Alteration of Boundaries) Bill, 1976, agrees with the same.

Mr. Speaker: Question is-

That the Haryana and Uttar Pradesh (Alteration of Boundaries) Bill, 1976, agrees with the same.

चौधरी रिजक राम (पाई): स्पीकर साहब, अभी रैवेन्यू मिनिस्टर साहब ने तकरीर करते हुए फरमाया कि इस बिल के जरिये मलकीयत कोई ट्रांन्सफर नहीं होनी और इस बिल के जरिये सिर्फ सीमा मुकर्रर की जा रही है। उनका कहने का अभिप्राय जहां तक मैं समझ पाया हूं वह यह है कि जो हमारी मलकीयत है और यू0पी0 की तरफ गयी हुई है, वह हमारी ही रहेगी और उसमें कोई तबदीली नहीं होगी और इसी तरह से जो अमल बरामदगी

होगी उसका भी सवाल है। उसके लिये अगर आप गौर से पढें तो क्लाज 2 की (1) में यह दिया हुआ है:

(i) Transferred territores means,

(i) in relation to the State of Haryana, the transferred by this Act from that State to the State of Uttar Pradesh, and

(ii) in relation to the State of Uttar Pradesh, the territories transferred by this Act from that State to the State of Haryana;

फिर स्पीकर साहब, क्लाज 14 है जिसें आगे यह लिख गया है:

(1) Subject to the other provisions of this part, all land and all stores, articles and other goods belonging to the State of Haryana or Uttar Pradesh in the transferred territories shall, as from the app

तो जो मंत्री महोदय यह फरमाते हैं कि न ही कोई टैरीटरीज ट्रांसफर होनी हैं और न ही कोई जमीन ट्रांसफर होनी है। पिल्लर्ज लग जायेंगें और सीमा मुकर्रर हो जायेगी। कोई जमीन इधर से उधर या उधर से इधर स्टेट की ट्रांसफर नहीं होगी। लोगों को वाहिद मलकीयत यू0पी0 सरकार को देनी है या वहां से लोगौं को देनी है और फिर भी कहें कि हमारे यहां से कोई जमीन ट्रांसफर नहीं होनी है। तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि एक तो आप उनको मुआवजा नहीं देते दुसरे यह चीज

प्रैक्टिकेबल नहीं है कि आप उस समझौते को इम्पलीमैंट कर सको। तो मैं आपके जरिये से सरकार से यह अर्ज करना चाहता हूं कि आप न तो उनको कोई पुल ही देते हो और न ही कोई और सहूलियत देते हो। क्या बरसात के मौसम में यह मुमकिन है कि वे बरसात के मौसम में इधर से उधर जाकर का त कर सकें। आप बहुत डींग मारते हैं कि हमने 20000 एकड के करीब जमीन ले ली। 13 गांवों के करीब जहर नाले के बारे में जो बोर्डर डिस्पयूट था, उसको आपने खत्म कर दिया। उसमें आपके चीफ सैक्रेटरी फाइनैंि ायल कमि नर और किसी हद तक पंडित जी की भी सराहना ठीक है। यह सराहइना का काम भी है लेकिन मैं यह कहता हूं कि आप बाकी इलाके में इस बिल को इम्पलीमैंट कैसे करोगे ? यह बात रैवन्यू मिनिस्टर साहब को अच्छी तरह से मालूम है कि बरसात के मौसम में बोर्डर प्वायंट पर पानी चलता है। हमारे लोग परली तरफ ऐसे बरसात के मौसम में गुजर नहीं सकते। जो इस रास्ते में आरजी पुल भी बनाते हैं, वे भी टूट जाते हैं। आज हरियाणा के लोगों को वहां पर बहुत दिक्कतों का सामना करना पडता है। हमें कोई ऐसा उपाय करना चाहिए कि जिससे यह झगडा मिट जाये। इस तरह करने से तो जो यू0पी0 के लोगों की मलकीयत वाली जमीन बनती है वह इधर आ जाने से बरसात के मौसम के के दिनों में यू0पी0 के लोगों के का त नहीं की जा सकती। फिर झगडा तो वहीं का वहीं रह गया। यह कोई हल नहीं है जिस तरह से आप हल निकालना चाहते हैं जब तक कि आप ऐसा कोई तरीका नहीं निकाल सकें कि हमारे लोग

आसानी से उधर जाकर का त कर सके। आप एक पैसा तो वहां पर खर्च नहीं करना चाहते ताकि वहां पर कोई पुल ही बना दें। फिर आप ही बतायें कि यह फैसला आप क्या करने चले हैं ? मै। यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह एक ऐसा फैसला है जो बहुत की गलत फैसला है और इससे अधिक अन्यायपूर्ण फैसला हो ही नहीं सकता। इससे लोगों को बहुत डिफीकल्टी हो रही है। फिर रैवेन्यू मिनिस्ट साहिब ने यह कह दिया कि अमल बरामदगी की मिसल बढी है। हमारे मुख्यमंत्री साहब भी यहां बैठे हैं। वे यह देख लें कि सोनीपत जिले में अगर कोई अमल बरामदगी की मिसल बढी हो तो जो सजा वह दें वह मैं भुगतने के लिये तैयार हूं वरना यह सरकार सरकार कहलाने की हकदार नहीं। कोई मिसल नहीं बनाई और कोई रिकार्ड नहीं और इस रिकार्ड न होने की वजह से वह सारी जमीन जो यहां के लोग कई साल पहले से का त करते आ रहे थे, वह उनके पास चली गयी। पुलिस वाले वहां पर बैठा दिये और जबरदस्ती उनका कब्जा करवा दिया। इसलिये मैं मुख्य मंत्री साहब की सेवा में यह अर्ज करना चाहता हूं कि दोनों तरफ के लोगों के इन्ट्रैस्ट को ध्यान में रख कर आप कोई ऐसा फैसला करा दो जिससे कि लोगों के हक न मारे जायें और जो पुलिस आपने वहा ंबिठा रखी है, चाहे यू0पी0 की पुलिस है या आपी हरियाणा की पुलिस है, वह भी उनके साथ धींगामु ती न कर सके और कानून की अदालत के हुक्म की तामील हो सके जिसके उनहें मानना भी चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि अदालत का जो फैसला हो उसको सरकार न माने। जो

भी फैसला हो उस पर अमल करना चाहिए। इन भाब्दों के साथ स्पीकर साहब, मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री महोदय इस बारे में कुछ ध्यान देकर लोगों के जो हक की बात है उसको पूरा करेंगे।

गृह तथा स्वास्थ्य राज्य मंत्री (श्रीमती भाारदा रानी): माननीय अध्यक्ष महोदय चौधरी रिजक राम ने जमीन की बरामदगी की बात कही। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि उनको इस बात का अफसोस नहीं होना चाहिए कि कुछ सौ एकड भूमि जो कि कुछ लोगों ने जोत रखी थी, फैसले के मुताबिक कुछ डिस्पयूट की हो जाती है। अन्यथा इस फैसले का कितना लाभ हुआ है, इसका अन्दाजा अगर उनको लगाना है तो मेरे क्षेत्र में देखें। जिला गुड़गांव को देखें कि वहां 16–17 गांव जिनकी कई हजार एकड जमीन जैसा वह कहते हैं अगर इस रिवजा को मानते रहते तो अध्यक्ष महोदय, जमुना का कटाव कुछ इस प्रकार का था कि ज्यादा जमीन हमारी ही उन लोगों को मिलती, हमारी ही जमीन यू0पी0 को जाती और हमारे लोगों का कुछ फायदा नहीं होता। मेरे क्षेत्र में फिक्सड बाउंडरी है। वहां के लोग इस पार बसे हैं लेकिन उनकी जमीन दूसरी पार है। वे वहां जाकर का त करते हैं लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसा था जहां फिक्सड बाउंडरी नहीं थी। 16–17 गांवों के लोग उस तरह जाते फसल बोते लेकिन जब काटने का टाइम आता तो यू0पी0 के लोग लाठियां और कुल्हाडियां लेकर आज जाते थे और आए दिन वहां एक तमा ाा

बना रहता था। (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, आप मेरे बोलने से अंदाजा लगा सकते हैं कि मेरी सिम्पथी किस तरफ है। अध्यक्ष महोदय, इस डिस्पयूट के सैटल हो जाने से हमारी जमीन ही हमको मिली है। वे लोग आकर रोज झगडा करते थे और जिसके जाने का खतरा रहता था। इस फैसल से हमको जमीन मिल गई। अगर रिवाज को मान लेते तो नि चत रूप से हमारे अधिकार में वह जमीन नहीं रहती यू0पी0 वालों को मिल जाती। अध्यक्ष महोदय, यह कहना कि हमारा रिकार्ड तैयार नहीं था, हमारे अफसरों ने मेहनत नहीं की यह बिल्कुल गलत बात है। अगर ऐसा होता तो यह फैसला हमारे हम में नहीं होता। हमारे अफसरों ने बहुत मेहनत की है। सारा पुराना रिकार्ड, पुराने फैसले, पुराने डिसक ंज हमारे हक में जाते थे और वही हमारे अफसरों ने प्रस्तुत किए। अगर आज का रिकार्ड प्रस्तुत होता तो हरियाणा का हक घट जाता। हमें तो अपने आफिसर्ज को धन्यवाद देना चाहिए कि इस मामले में मेहनत करके अपने साथ न्याय करवाया और हरियाणा के लोग जो रिवाज के मुताबिक हरियाणा में रहना पसन्त करते थे और हमे ाा से हरियाणा में रहते थे लेकिन आज उनको खतरा पैदा हो गया था कि कहीं वे यू0पी0 में न चले जाएं। वे लोग इस फैसले से बहुत प्रसन्न हैं उन्होंने प्रसन्न मन से इस फैसले को स्वीकार किया है और राहत की सांस ली है। इस फैसले से ला एण्ड आड्डर की सिचुऐ ान को राहत मिली है। जिन लोगों की जमीन उधर चली गई हैं उनको भी इस फैसले को बहुत प्रसन्न मन से स्वीकार कर लेना चाहिए।

चौधरी ि िव राम वर्मा (नीलोखेडी): स्पीकर साहब, मैं इस बारे में ज्यादा बात नहीं कहना चाहता क्योंकि मुझे सारी स्थिति जो है उसके बारे में पूरा ज्ञान नही है। जो कुछ यहां सुना है उसी के अनुसार सुझाव देना चाहता हूं। (व्यवधान) सरकार के अनुसार हरियाणा को ज्यादा फायदा हुआ है। चौधरी रिजक राम ने कहा कि किसान को नुकसान हुआ है इस फैसले के मुताबिक उत्तर प्रदे ा और हरियाणा की सीमा का जो निर्धारण किया गया है। वह जमुना के बीच की जो गहरी धारा है उससे जोडा गया है। यह झगडा हमे ाा के लिए खत्म हो गया है लेकिन मैं समझता हूं कि लोगों के सामने कुछ कठिनाईयां रहेगी। इन कठिनाईयों को दूर करने के लिए आप कम से कम एक पुल सोनीपत के सामने और एक पुल करनाल के सामने जमुना के ऊपर बना दें तो लोगों की काफी समस्याएं हल हो जाएंगी और हरियाणा की तरक्की भी होगी। लोगों को आने जाने में सुविधा होगी और उनकी कठिनाइयां पुल बनने से काफी हद तक हल हो जाएंगी।

राजस्व मंत्री (पंडित चिरन्जी लाल भार्मा): जहां तक पुल बनाने का सवाल है मुख्यमंत्री जी ने बताया है कि एक पुल पलवल के साथ बनाने जा रहे हैं गवर्नमैंट आफ इंडिया से इस बारे में फैसला हो चुका है और 190 लाख रूपया खर्च होगा। एक पुल बल्लभगढ में बनाने का फैसला हो चुका है, एक पुल सोनीपत में बनाना है और एक पुल सनौली पर पहले ही बन चुका है। तीसरी

बात मैं कहना चाहता हूं that this Bill deals only with the question of boundaries, otherwise the question of ownership will continue to be settled in the same manner. This was a dispute between the two States because of fluctuating boundaries. इस फैसले से अब वह एक परमानैंट फिक्सड बाउन्डरी हो जाएगी।

Mr. Speaker: Question is-

That the House having considered that Haryana and Uttar Pradesh (Alteration of Boundaries) Bill, 1976, agrees with the same.

The motion was carried.

संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित रूप में संविधान (चवालीसवां सं ोधन) विधेयक 1976 के अनुसमर्थन के सम्बंध में।

Transport Miniser (Sh. K.L. Poswal): Sir, I beg to move-

"That this House ratifies the amendments to the Constituion of India falling with in the purview of the proviso to cluase of article 368 thereof, proposed to be made by the Constituion (Forty-fourth Amendment) Bill, 1976, as passed by the two Houses of Parliament, and the short title of which has been changed into "The Constitution (Forty second Amendment) Act, 1976."

Mr. Speaker: Motion moved-

"That this House ratifies the amendments to the Constituion of India falling with in the purview of the proviso to cluase of article 368 thereof, proposed to be made by the Constituion (Forty-fourth Amendment) Bill, 1976, as passed by the two Houses of Parliament, and the short title of which has been changed into "The Constitution (Forty second Amendment) Act, 1976."

चौधरी प्रताप सिंह दौलता (बेरी): स्पीकर महोदय, मैं इस रेजोल्यू ान को वैलकम करने के लिए खडा हुआ हूं। लेकिन हर क्लाज पर, चूंकि ने ानल डायालोग डिजायर्ड है, अगर मैं अपना सुझाव नहीं दूंगा तो अपने फर्ज से कोताही करूंगा। सबसे पहले अमैंडमैंट प्रिऐम्बल में है और यह क्लाज नम्बर 2 है। इसमें दो वर्ड सैकुलर और सो ालिस्ट ऐड हुए हैं। मेरी अर्ज यह है कि वर्ड सैकुलर और सो ालिज्म इटसैल्फ ऐड करने से कोई फर्क नहीं पडता सिचुए ान में जब तक कांस्टीटयू ान के अंदर सैकुलरइज्म की डैफिनि ान और सो ालिज्म की डैफिनी ान न दी जाए जो कि नहीं दी गई। सो ालिज्म को 1917 से रिसपैक्टेबल बना दिया। इस सो ालिज्म के नाम से हिटलर और मुसोलिनी ने फासिस्ट स्टेट कायम की। सो ालिस्ट वर्ड 1917 से थ्रू आउट दि वर्ल्ड ऐबयूज हुआ है। तो मेरी अर्ज है कि इसमें डेफिनि ान को भाामिल होना चाहिए। सो ालिज्म मीन्ज की मीन्ज आफ प्रोडक ान और ओनरि ाप स्टैट में वैस्ट करेगी यह अल्टीमेकट सो ालिज्म की डैफिनी ान है।

दूसरा लफ्ज जो सैकुलरइज्म है वह आज जाए तो बडी डिफिकलटी पैदा करेगा। वह कोर्टस पर छोड दिया कि सैकुलरइजम क्या है। जिन लोगों ने प्रताप सिंह दौलता वरसिज जगदेव सिंह सिद्धान्ती के केस में सुप्रीम कोर्ट के जजों का फैसला पढा होगा वे जानते हैं। सुप्रीम कोर्ट की इन्टरप्रेटे ान के मुताबिक ओम का झण्डा हाथ में ले के, हलाक का झण्डा हाथ में ले के, सारी सिखी के झण्डे हाथ में लेकर घूमा जाए तो भी आपके सैकुलरइज्म को कोई फर्क नहीं पडता। अब सैकुलरइजम की डेफिनिप ान जो 1934 में और फिर 1937 में पंडित जी ने दी थी, मैं चाहता हूं कि मुल्क उसको कबूल करे। पंडित जी के पास जब 1937 के इलैक ान के ईव पर प्रपोजल लाई गयी कि मुसलिम लीग के साथ कांग्रेस वजारत बना ले, कोलि ान गवर्नमैंट बना ले वरना मुल्क का डिवीजन होगा तो उन्होंने अकड़ते हुए कहा था कि एक डिवीजन की बजाये दस डिवीजन हों लेकिन यह बात कि मुसलिम लीग मुसलमानों की पार्टी पोलिटिक्स में वजूद रखे वह नहीं मानते ऐग्जेक्ट वर्डिंग उनकी यह है। It is in consonance with the concept of secularism. बड़े अफसोस की बात है कि मेरी बहन इन्दिरा जी ने पंडित जी के कन्सेप्ट आफ सैकुलरइज्म को छोड कर सी0पी0आई0 का कन्सेप्ट पकड लिया जो 1947 में भी पाकिस्तान के हामी थे, मुस्लिम लीग के हामी थे। यह सैकुलरइज्म का क्या हुआ ? Coalition Govenment with Muslim League in Kerala is in conconance with the concept of secularism of Pandit ji. तो मेरा सुझाव यह है कि सैकुलरइज्म

डिफाइन होना चाहिये और इसकी कन्सेप्ट जो पंडित जी की थी या सर छोटू राम की थी जिन्होंने मंगल सिंह को या जाने वाले जो अभी जिन्दा हैं हिन्दु और सिक्ख की कुली ान के मिनिस्टर बन गये उन्होंने भी यही कहा था कि मैं मुस्लिम लीग के साथ कोलि ान बना लूं। It is inconsonance with my secularism. इन्दिरा जी का सैकुर इज्म नेहरू के सैकुलरइज्म से बैटर होना चाहिये, कम से कम नहीं होना चाहिये और रूलिंग पार्टी को केरल में मुस्लिम लीग के साथ अपनी कोली ान गवर्नमैंट फौरन तोड देनी चाहिये। सी0पी0आई0 करती फिरे, करती फिरे, यह पहले भी करती रही है।

ज्यादा वक्त जाया न करते हुए मैं इस अमैंडमैंट को वैलकम करता हूं। मैं इन्दिरा जी को मुबारिकवाद देता हूं कि उन्होंने न सिर्फ अपोजी ान की मुखालफित का मुकाबला किया बल्कि जो उनकी डिमांड थी कि कांस्टीचुएन्ट असैम्बली बुलाई जाए और दो तीन साल के लिये इस मामले को खटाई में डाला जाए, उसको भी रिजैक्ट करके यह अमैंडमैंट जल्दी लाई। उनको तथ जो दूसरी सो ालिस्ट फोरसिज इसको लाने के लिए जिम्मेवार हैं मैं उन सबको बधाई देता हूं। रूलिंग पार्टी वाले तो बधाई के पात्र हैं ही क्योंकि 2/3 मैजोरिटी न हो तो पास कैसे होगा। अब मैं आखिर में यह अर्ज करना चाहता हूं, जनसंघ वाले ध्यान सें सुन लें, किसी को तो कन्सर्न है नहीं इसमें (हंसी) स्पीकर साहब, सिवाये तीन क्लाजिज के बाकी तमाम क्लाजिज जो इस

कांस्टिच्यु ान अमैंडमैंट बिल में आई हैं, वे तमाम वह क्लाजिज हैं जो किसी ने किसी वक्त, पिछले 25 साल में पार्लियामैंट में अपोजी ान ने मांग की। सी0पी0आई0 जब इकट्ठी थी और जनसंघ सभी ने किसी न किसी वक्त इनकी मांग की थी इसलिये यह अमैंडमैंट, ने ान ने कांस्टीच्यु ान में की है। रूलिंग पार्टी के भी और अपोजी ान ने भी वेलकम किया है। वैस्टर्न प्रैस, सो काल्ड डैमोक्रैटिक प्रैस, इस अमैंडमैंट को उछाल रहा है कि यह एक फार्म में ऐमरजैंसी को परमानैंट करने का तरीका है। अगर ने ान एज एहाले उसको चाती है तो वह होगा ही। प्रिएम्बल में जो लफ्ज सो ालिज्म है, मैं सरदार भगत सिंह, सुखन या जो इन्कलाबी चले गये हैं, वे पहले आदमी थे, उन्होंनें भी कांस्टीचुए ान के लिये टारगैट रखा था उन्होंने हिन्दुस्तान का फयूचर सो ालिस्ट रिपब्लिक आफ इण्डिया रखा था, स्पीकर साहब, मुझे खु ाी है आज उनकी आत्मा को भाान्ति मिलेगी कि जिस मतलब के लिये उनहोंने फंसी खाई वह पूरा हुआ।

स्पीकर साहब, अगली क्लाज है जी। 4 यह बहुत इम्पार्टैंट क्लाज है जहां तक राइटिस्ट का ताल्लुक है यह क्लाज इस बात से ताल्लुक रखती है कि सावरैनिटी जो है वह लैजिसलेचर में लाई करती है या जुडि ियरी में। इस ब्लाज नम्बर 4 और 5 के जरिये और सबसीकुएन्ट क्लाजिज जो आई हैं वह क्लीयर करती हैं कि सावरैनिटी पार्लियामैंट के पास लाई करेगी और judiciary cannot be allowed to be a third House.

स्पीकर साहब, आप वकील हैं आपको मालूम है कि आर्टीकल 41 कहता है कि जो प्रोनाउन्समैंट सुप्रीम कोर्ट की होगी it will be a law and that law is on the same footing. जो लेजिसलेचर्ज अनैक्ट करतें है। अब 41 आर्टीकल की एडवान्टेज उठाते हुए जुडीि ायरी ने क्या किया कि तमाम लैजिस्लेटिव और एग्जैक्टिव पावर्ज जो हैं, उनको एज्यूम करने लगी। वजीर भी बनने लगे और असैम्बली भी बनने लगीं। आर्टीकल 226 और 227 इतने वाइड थे कि उनको स्कोप वाइडन करके वह एक थर्ड हाउस बन गई जो लोकसभा और राज्य सभा से ऊपर होकर वीटो कर देता। वह किस बात पर ऐसा करते थे ? आर्टीकल 41 को यूं का यूं रखा लेकिन यह बात आनरेबल मैम्ब्र जरा भाान्तिपूर्वक समझ लें। हमैं तो कम से कम समझना ही चाहिये, ले मैन चाहे न समझें। यह कैसे कर पाये ? आपको याद होगा कि प्रिएम्बल में दो चीजें आई। We the people of India will have a Soverign Democratic Republice. पहले यह था। What for ? To have justice, not this legal Justice, but justice social, economic and political. यह हमारा टारगेट था। उससे इसमें क्या चीज आ गई जो फैटर करती है जो फैटर कर गई वे तीन चीजें हैं इक्वलिटी, लिबरटी और फ्रैटरनिटी। यह जनरे ान तो बाद में पैदा हुई लेकिन जो फोर फादर थे वे पैदा हो गये 20वीं सदी में उनके दिमाग में जो सलोगंज फ्रंन्चरेवोल्यु ान के थे जो यूरोप के रेनेसेन्स के थे, 1917 का इन्कलाब भी आ चुका था। टैगार और सरदार पटेल, व दूसरे लोग उनसे इन्फल्युएन्सड नहीं थे, लेकिन पंडित जी उससे

बहुत ही ज्यादा इन्फल्युऐन्सड थे, दोनों में यह कम्प्रोमाइज था। We will have justice Social, economic and political लेकिन जो राइटिस्ट विदइन कांग्रेस थेवे इस पर चैक लगाना चाहते थे जिसको स्वर्ण सिंह ने बडी खूबसूतरी से कहा है that this prinicple of having checks and balances will be givenup. वह चैक जो प्रिएम्बल के अंदर दूसरी चीज लिखी थी जिसके मायने थे कि उनको पूरा करने के लिये फन्डेमेन्टल राइटस का चेपटर पहले रख दिया और डायरैक्टिव प्रिंसीपल जो सो ाल, इकानामिक और पोलिटिकल जस्टिस के हैं उसको बाद में रख दिया। इससे फैन्डेमेन्टल राइटस के चैप्टर को डायरैक्टिव प्रिंसिपल से सुपीरियरेटी हासिल हुई। जिसके मायने यह थे कि हम सो ाल, इकनामिक और पालिटिकल जस्टिस कर नहीं सकते जब तक फन्डेमैंटल राइटस वाला चप्टर हमारे रास्ते में हायल होता है। मैं दाद देता हूं उस खूबसूरती की जिस खूबसूरती से सरदार स्वर्ण सिंह ने जो इस कमेटी के प्रेजीडैंट थे ने आर्टीकल 41 को टच नहीं किया and even today the pronouncements of the Supreme Court will continue to be a law. कि वह चीज जिसके जरिये जुडि ियरी अपनी ताकत खेंच लेती थी उस पर कर्ब लगाना भुरू कर दिया और वह पहली कर्ब क्लाज 4 के फार्म में आई। वह कर्ब क्या है कि जब अभी डायरेक्टिव प्रिंसीपल के क्लै ा में कोई वकील रिट लेकर हाई कोर्ट में या सुप्रीम कोर्ट में जा खड़ा होगा that it is violative of the fundamental right, in that case that fundamental right. चैक नहीं कर सकेंगे। Clasuse 4 provides

for establishment of the superiortiy of the directive principles over the fundamental rights. इसके बाद अगली क्लाजिज जो है वह बडी इम्पार्टेंट हैं, यह नयी चीज है और वेस्टर्न प्रेस में जो इस वक्त हिन्दुस्तान की बडी आकवर्ड पोजी ान है। बडी खु ाी की बात है कि जो डेफिनि ान रखी है इससे मुल्क का ढांचा बदल कर रख दिया है। क्लाज 5 यह की ऐन्टी ने ानल ऐक्टिविटी या किसी ऐसोि ाए ज्ञन की ऐन्टी ने ानल ऐक्टीविटी को चेक करेगा। जब कभी इस किस्म का कानून पार्लियामैंट पास करेगी तो वह कानून किसी भी कोर्ट या हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में चेलेंज नहीं हो सकेगा बीकाज आफ फन्डामैंटल राइटस। फन्डामैंटल राईटस के चैप्टर को अगर सुप्रीम कोर्ट की डिगनिटी को टच किये बगैर इन दो क्लाजिज को ऐड करके, जब मुल्क की सिक्योरिटी का सवाल स्टेट की सिक्योटी का सवाल होगा, डायरैक्टिव प्रिंसिपल की इम्पलीमैंटे ान को सवाल होगा वहां पर फन्डामटल राइट के बेसिज पर सुप्रीम कोर्ट इस मामले में वायलेट नहीं करेगा। स्पीकर साहब, अगली अमैंडमैंट जो है वह भी जुडि ायरी की पावर को करटेल करने के बारे में हैं। ये अमैंडमैंटस 6, 23, 24, 25, 36, 38, 58, 45, 44 हैं। मैंने तमाम अमैंडमैंटस को एक जगह रख लिया है। यह इस बात पर हैं कि जो लैजिसलेटिव पावर्ज हमारी हैं उनको जुडि ायरी अपनी तरफ ले रही थी उनको यह मालूम हो गया कि जुडि ायरी यह समझें कि जैसे ऊपर की दो क्लाजिज हैं– First giving proper place to fundamental rights chapter that it is not superior to directive

principles. It is not superior to the national unity and integrity. इससे, बडे अचदे तरीके से जुडि ियरी को अपनी जगह पर रख दिया गया है। बहुत सारे भाई बाहर भी पूछते थे। इन नट ैल इन तमाम का नतीजा यह होगा कि हाई कोर्ट अपना काम करेगी, हम अपना काम करेंगे और ऐग्जेक्टिव अपना काम करेंगी। इसमें आर्टीकल 226 की पावर्ज करटेल कर दी। Fundamental rights' chapter is a different thing. आर्टीकल 226 और 227 के तहत जो पावर्ज सुप्रीम कोर्ट या जुडि ियरी इस्तेमाल करती थी उनको कम कर दिया। एक एक क्लाज में जाने की जरूरत नहीं है यह कर दिया गया है कि जो कानून हम पास करेंगे वह सुप्रीम कोर्ट में तो चैलेन्ज हो सकेगा लेकिन यहां हाई कोर्ट में नहीं हो सकेगा। सुप्रीम कोर्ट में भी तब होगा जब इस कानून के साथ सैंट्रल कानून जुडा हुआ होगा। इसके अलावा दूसरी बात यह कर दी कि इल्लीगैलिटी की बिना पर हाई कोर्ट में जाया करते थे अब आर्टीकल 226–227 के तहत कोई रिट लाई नहीं करेगी इल्लीगैलिटी की बिना पर। The Court shall have to be satisfied in " Kachi Pesi' कि कोई मैटिरियल इनजटिस हुआ है। इससे 40 परसैंट, 50 परसैंटस रिटस कच्ची पे ी में ही खत्म हो जाया करेंगी। इसके इलावा एक और चीज कर दी एक वर्ड ड्राप कर दिया जिसने तबाही मचा दी और वकीलों की चांदी हो गई थी। जो सियाने लायर्ज थे कांस्टीच्यू ान जब बना, मुझे अच्छी तरह याद है उन्होंने कहा था कि तुम वकीलों के लिये बहि त बनाने लगे हो यह कांस्टीचुए ान क्या है ? On any

other matter which the High Court considers to be fit for consideration in any Court. यह एनी अदर मैटर ड्राप कर दिया जिसके मायने हैं 75 और 80 परसेंट के करीब रिटस तो गई। जो मेरे सामने भाई बैठे हुये हैं मैं इन सबकी इज्जत करता हूं जो हमारी ब्युरोक्रेसी है लेकिन इस ब्युरोक्रेसी में इतना इनडिसपलिन आ चुका था कि सैक्रेटरी, डिप्टी सैक्रेटरी को नीचे के लोग कुछ समझते ही नहीं थे और रिट का एक ऐसा फै ान बन गया कि हम लोग जो सुबह से भााम तक अपना काम करते हैं मजदूर लोग और दूसरी तरफ बाबू लोग चाय का प्याला लेकर धूप में बैठे रहते हैं और अगर डिप्टी सैक्रेटरी उनको बुलाता है तो वह झट हाईकोर्ट में रिट लेकर चले जाते हैं अब सर्विस मैटर्स की रिटों के बारे में भी सेपरेट चेप्टर रखा है। इनके लिये अब हाईकोर्ट में कोई नहीं जा सकेगा। इन्कम टैक्स के लिए बडे वकील सिबल दौलता के घर रेड हो जाए तो भी हाईकोर्ट में रिट लेकर चले जाते थे। सर्विस मैटर्स पर या इन्कम टैक्स मैटर्स पर अब कोई रिट नहीं हो सकेगी। इनके लिये ट्रिब्युनल बनाने का प्रोवीजन कर दिया गया है। तो इस तरह यह अमैंडमैंटस रखी गई उनमें एक चीज और कर दी। जजिज की अप्वायंटमैंट को वाइडन कर दिया कि यह जरूरी नहीं कि वकील ही हो लेकिन बाद में कुछ अमैंडमैंट गोखले साहब ने मानीं और जो रिप्रिंट है उसमें दिया गया है कि कुछ दिन के लिये वकील होना जरूरी है। इसके इलावा अगर वह आदमी सर्विस में था तो सुप्रीम कोर्ट में तो जज बन सकता था लेकिन हाई कोर्ट का जज नहीं बन सकता

था। यानी सुप्रीम कोर्ट में एक आदमी जूरिस्ट के नाम से बैठ सकता था लेकिन हाई कोर्ट में नहीं बैठ सकता था लेकिन अब यह हो गया है कि यहां भी जूरिस्ट के नाम बिठा सकते हैं। इसके इलावा जो क्लाज 11 है वह फन्डामैंटल डयूटीज की ऐडी ान है। मैं ज्यादा टाइम नहीं लेना चाहता, यह फिर फन्डामैंटल राइटस पर एक कर्ब है। फन्डामैंटल राइटस तो थे लेकिन डयूटीज नहीं थीं। सो ालिस्ट कन्ट्रीज में जैसे कि योरूप के हैं, रूस में नहीं हैं, पोलैंड, हंगरी, चेकोस्लोवाकिया तमाम सो ालिस्ट कंट्रीज ने अपने कांस्टीचुए ान में फन्डामैंटल डयूटीज को रखा हमने यह प्रिंसीपल उनसे बारो किया। I welcome this clasue 11 also. स्पीकर साहब, इसके बाद मैं क्लाज 13 पर आता हूं। हमारे जनसंघ वाले भाई कहते हैं मैंने खुद बार में सुना है कि हिन्दुस्तान में प्रैजीडैंि ायल फार्म आफ गवर्नमैंट आ रही है और हिन्दुस्तान में डैमोक्रेसी खत्म हो रही है। क्लाज 13 वैस्टर्न प्रैस पर जबरदस्त चपत मारती है जो कि गास्प मांगरिंग कर रहा है कि प्रैजिडैंि ायल फार्म आफ गवर्नमैंट आ रही है लेकिन इस क्लाज से President has been placed on a proper place and he has been told that superiority lies in Parliament. राजेन्द्र प्रसाद एक आनैस्ट और त्यागी महात्मा प्रैजीडैंट थे। इसी तरह से आनैस्ट और त्यागी प्राईम मिनिस्टर पंडित जवाहर लाल नेहरू थे लेकिन जब हिन्दु कोड बिल पास होने लगा तो राजेन्द्र प्रसाद जी अड गए। नेहरू जी ने उन्हें बहुत समझाया लेकिन वे नहीं माने और अपनी जिद पर अडे रहे। परिणाम यह हुआ कि हिन्दु कोड

बिल की पहली इंस्टालमैंट तो आ सकी लेकिन दूसरी इंस्टालमैंट नहीं आई। इसलिए इस क्लाज 13 में यह डिफाईन कर दिया गया है कि– President shall always be bound with the advice of the Ministers and the Prime Minister of India. इससे यह बात भी खत्म हो गई है कि प्रैजीडैं ान रूल आएगा, संजय गांधी पावन में आ रहा है, फलां प्रजीडैंट बनने जा रहा है, इसको चेंज कर रहे हैं और उसको चेंज कर रहे हैं। यह जो क्लाज 13 है, यह हमे ाा के लिए इस प्रौपेगन्डे का जवाब क्लोज करती है कि डैमोक्रेसी की जगह प्रैजिडैं ान फार्म आफ गवर्नमैंट ले सकती है।

फिर क्लाजिज 28 और 14 हैं। सर्विस के जो मैंटर हैं उनमें अब रिटस हाई कोर्टस में नहीं हो सकेगी बल्कि, इसके लिए ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे। अब ट्रिब्यूनल्ज में भी फर्क होगा और मरोड के साथ बाबू उनमें नहीं जा सकेगा। बडी हैरानी की बात है कि कत्ल के केस तो पांच पाचं साल से पडे रहते हैं मगर डेढ पैसे का क्लर्क जो रिट करता है अपने सुपीरियर्ज से लडने झगडने के बाद उसका फैसला जल्दी से हो जाता है क्योंकि– After all this judiciary and judicial system still belongs to middle class and upper middle class. पीजैंटरी जो कत्ल करती है और जेलों में पडी है उसकी सुनवाई बहुत देर तक नहीं होती। इसके अलावा स्पीकर साहब, सैकिंड अपरचुनिटी जो पैनल्टी के लिए सरकार मुलाजिम को मिला करती थी वह विदड्रा कर ली गई है। क्लाज 14 में भी यह अच्छा किया गया है। मुझे एक बात याद है। जस्टिस फाल ाा और दुल्लत का एक एक बैंच था। सीकरी साहब

उस वक्त ऐडवोकेट जनरल थे। उन्होंने उनसे कहा कि चूंकि ये कांफडैं ाल रूल्ज हैं इसलिए इन्हें अदालत में पे ा नहीं किया जा सकता लेकिन इसके बावजूद भी दुल्लत साहब ने उन्हें उन रूल्ज को कोर्ट में पे ा करने को कहा। नतीजा यह हुआ कि कांफिडैं ान रूल्ज कांफिडैं ाल रूल्ज नहीं रहे। आज क्लाज 14 में यह तय कर दिया गया है कि गवर्नमैंट के कांफिडैं ाल रूल्ज को कोई कोर्ट में तलब नहीं कर सकेगा और न ही ट्रिब्यूनल कर सकैंगे। तो इन दोनों अमैंडमैंटस को मैं वैलकम करता हूं।

श्री ओम प्रका ा गर्गः स्पीकर साहब, दौलता साहब ने अभी कहा कि डेढ पैसे का क्लर्क कोर्ट में चला जाता है। मैं समझता हूं कि यह डेढ पैसे वाली बात ठीक नहीं है इसे इन्हें विदड्रा करना चाहिए।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः विदड्रा कर लेता हूं, इसमें कोई ऐसी बात नहीं है। मेरा कहने का मतलब तो यह था कि जो काम तो न करे लेकिन लडाई झगडा करके अपने सुपीरियर के खिलाफ हाई कोर्ट में रिट कर दे वह कोई अच्छा आदमी नहीं है। (विघ्न)

स्पीकर साहब, लोक सभा की मियाद पांच साल से बढा कर 6 साल कर दी गई है। इसी तरह से असैम्बलीज की मियाद भी पांच साल से बढ कर 6 साल हो गई है। मैं इसको अपोज करता हूं।

श्री के0एन0 गुलाटीः स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। अगर दौलता साहब, इसको अपोज करते हैं तो ये फरवरी में छुट्टी कर जाएं।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः मैं बिल्कुल तैयार हूं। आप गारंटी दे दें कि इलैक ान होगा। हम और तुम दोनों एक ही तरीके से आए थे। (हंसी) यह कहने की बजाये यह क्यों नहीं कहते कि दौलता साहब को वहां बैदा दो। (हंसी)

स्पीकर साहब, मुझे प्राईम मिनिस्टर के रीऐक ान का पता है। मैं पार्टी मीटिंग में हाजिर तो नहीं था लेकिन गिली साहब के ऐडज्वायनिंग कमरे में जरूर बैठा था। जब मिस्टर महाजन ने लोक सभा की टर्म सात साल करने को कहा तो प्राईम किनस्टिर ने कहा कि 20 साल क्यों न कर दें ? प्रोग्रस्सि व लोग जो हैं वे स्पीकर साहब, इन इलैक ांज से बिल्कुल नहीं डरते, न प्राईम मिनिस्टर डरती थी लेकिन डैमोक्रेसी में चूंकि ला आफ मैजोरिटी है इसलिए वह सात साल की बजाये 6 साल की टर्म मान गई। इसके लिए भी वह बहुत रिकटैंट थीं उनका विचार था कि अगर कल इलैक ान हो गए तो सी0पी0आई0 मार्कसिस्ट और दूसरी अपोजी ान पार्टी बहुत घाटे में रहेंगी। तो हकीकत यह है कि हम तो खामख्वाह बदनाम हुए हैं कि हम इलैक ान से भागना चाहते हैं। रि ायन कांस्टिच्यू ान में राईट आफ रीकाल का प्रोविजन है। एक बार जो मैम्बर बन जाए उसे वे टर्म खत्म होने से पहले किसी समय भी वापस बुला सकते हैं। यही राईट अगर

हमारे पास होता तो श्री अचिन्तराम जी के लडके श्री कृश्ण कांत को हम कब का बुला लेते। खैर, मैं तो यह समझता हूं कि जहां सिस्टम आफ रीकाल नहीं हैं वहां shorter the period better it is. 1919 के ऐक्ट के अनुसार यह पीरियड तीन साल हुआ करता था। 1935 में यह पांच साल बना था अब 6 साल हो गया है। कुछ लोग आर्गुमैंट देते हैं कि चूंकि लोक सभा और राज्य सभा को बराबर लाना था, असैम्बली को पार्लियामैंट के बराबर करना था इसलिए यह किया गया लेकिन यह बडा गलत आर्गुमैंट है। अगर ऐसा ही करना होता तो राज्य सभा की टर्म ही पांच साल की जा सकती थी। कांग्रेस के अंदर एक ऐसी लौबी है जो प्राईम मिनिस्टर को मिसलीड करती है। यह दे ा की साथ बेइंसाफी है। इसलिए मैं इस अमैंडमैंट को बडी हैल्दी अमैंडमैंट नहीं समझता।

इसके बाद स्पीकर साहब, एक और अमैंडमैंट है जो भाई फूलचन्द और दूसरे लोगों के लिए है। वैसे तो जनसंघ वाले मुसलमानों से नफरत करते हैं लेकिन दूसरी तरफ उन्हें कहते हैं कि तुम्हारा तो भला तभी है यदि तुम नसबंदी न कराओ। अगर नसबंदी कराओगे तो तुम्हारी सीटें कम हो जाएंगी। यही चौधरी चांद राम जी कहते थे कि हम हरिजनौं के पास वोट नहीं तो और है क्या ? To meet this propaganda of un patriotic people there is an amendment. इसमें यह किया गया है कि 1976 के सैंसस को बेस मानकर इस बात को अगले बीस साल के लिए फ्रीज कर दिया जाएगा और आबादी की बिना पर कांस्टिचुऐंसीज की

डिलिमिटे ान नहीं होगी। ये तीन अमैंडमैंटस हैं और बडी हैल्दी अमैंडमैंटस हैं और ये उस प्रोपैगैन्डे के जवाब में हैं जो माइन्योरिटी मैं और डिप्रैस्ड लोगों में किया जाता था। (इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई) डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस कांस्टीचुए ान में जो अमैंडमैंट आई हैं उसके लिये मैं खासतौर पर कामरेड नाथपाई जी को याद करता हूं जो कि सो ालिस्ट मैम्बर थे। He was the first person to move in the Parliament for establishment of the parliamentary superiority. यह बहुत कम लोगों को मालूम है और इस वक्त इन्दिरा जी की जो कांग्रेस कहलाती है वह उसके साथ थी लेकिन यह कांग्रेस का जो इज्जत पसन्द ऐलीमैंट था वह पहलवान बम्बई, कलकत्ता और गुजरात वाले खिलाफ थे। Indira Gandhi had to yield on a non-official resolution and the same was withdrawn. आज नाथपाई की वह आत्मा और तमाम अपोजी ान के मैम्बरों की जो 30–32 साल से पार्लियामैंट से यह डिजायर करते रहे, रूलिंग पार्टी के उस प्रोग्रैसिव तबके ने जिसकी रहनुमाई इन्दिरा गांधी करती है उस रिएक ानरी लाबी को डिफीट देकर जो तीन साल तक कांस्टीचुएन्ट असैम्बली की मांग करके इसको खटाई में डालना चाहती थी, आज उनकी डिफीट है। मैं इस कांस्टीच्युए ानल अमैंडमैंट बिल को वैलकम करता हूं।

17.00 बजे।

श्री रामधारी गौड़ (गोहाना): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया, आज सदन में चवालीसवां सं ाोधन बिल पे ा है। इस सं ाोधन को संसद के दोनों सदनों ने पास कर दिया है। हम इसको रैटीफायी करने जा रहे हैं। अभी दौलता साहब ने इस बिल के हरेक हिस्से का स्पश्टीकरण दिया और बडे विस्तार से दिया कि इसका री एक ान क्या होता है ? मैं इस बिल के वैधानिक स्पश्टीकरण में नहीं जाऊंगा। मैं तो केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि यह जो बिल है यह लोगों की भावनाओं का, लोगों की आवाज का, लोगौं की आ ाओं का, लोगों की आकांक्षाओं का मुजसमा है। पिछले सालों से लोग इस बात को चाह रहे थे कि संविधान में कुछ तबदीली आये। मिस्टर टैनीसन ने सदियों पहले एक भोर कहा था, ऐसा मालूम होता है कि वह भोर आज के दिन के लिए ही कहा हो The old order changes yielding place to new lest one good custom should corrupt the world. इसका मतलब यह है कि एक समय में एक कस्टम बहुत बढिया था लेकिन समय बदलने के बाद वही कस्टम, वही रिवाज दुनियां के विना ा के कारण बन जाते हैं। इस कारण से उन कस्टमज के अंदर चेंज आनी चाहिए। इसी प्रकार से हमारा संविधान भी 27 साल पहले बना था। उस समय हमारे नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू बहुत फ्राख दिल हुआ करते थे। सदियों की गुलामी के बाद आजादी आयी थी। उन्होंने तो सबसे जरूरी एक ही बात रखी कि जनता को मौलिक अधिकार दिये जायें। उन्होंने तो फन्डामैंटल राइटस पर ही जोर दिया लेकिन उस समय फैसला किया गया था कि

गाडी हमे ाा दो पहियों से चलती है, एक पहिये से कभी नहीं चलेगी। हमारी गाडी 27 साल तक एक ही पहिये से चलती रही। लोगों ने अपने मौलिक अधिकारों का बहुत दुरूपयोग किया। उन्होंने यह समझ लिया कि धर्म के नाम पर लोगों को भडका कर अपने साथ कर लेंगे। ये सब लोग पूंजीपति ही थे। उनका दे ा के आर्थिक प्रोग्राम से कोई किसी प्रकार का संबंध नही ंथा। वे लोग अंग्रेजों के वक्त में भी उनसे मिलर का बडी सम्पति बनाते रहे। वे तो यही समझते थे कि अब भी उनका इस दे ा पर कब्जा रहे। कुछ लोग धर्म के नाम पर दे ा को अपने काबू में रखना चाहते थे। संविधान में एक ही बात अब और रखी गई है वह है सैकुलर और सो ालिस्ट। ये लफज पहले नहीं थे। पहले इन लफजों की बहुत जरूरत नहीं समझी गई थी। 27 साल के समय ने यह बता दिया कि धर्म के नाम लेने वाले जनता को, तमाम दे ा को बहकाना चाहते हैं। इसलिए इस बात को सहन नहीं किया जायेगा। मैंने अभी बताया था कि एक पहिये पर गाडी चलती रही और एक ही पहिये का प्रयोग किया। मुझे याद आ गया मिस्टर फ्रैनकलीन ने कहा है कि गाडी का सबसे खराब वह पहिया सबसे ज्यादा आवाज करता है तो यह पहिया आवाज करता रहा। कुछ आदमियों ने यह समझा कि हमारा मौलिक अधिकार गाली देना है, झूठे इलजाम लगाना है, चलती गाडी में रोडे अटकाना है लेकिन इस सं ाोधन के बाद फंडामैंटल डियूटीज को ऐसा बना दिया गया कि गाडी का दूसरा पहिया भी साथ ही चले। अब यह गाडी दोनों पहियों से चलेगी।

